बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता

प्रधान महासचिव

मो० 7488601083

e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....28.........

दिनांक- ....29-03-2020......

सेवा में,

माननीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन मंत्री,

भारत सरकार, नयी दिल्ली।

विषयः– **क्षेत्रीय रोग नैदानिक प्रयोगशाला (RDDL) कोलकाता के तर्ज पर पटना में एक प्रयोगशाला स्थापित करने के संबंध में।**

महाशय,

सादर पूर्वक आग्रह करना चाहता हूँ कि बिहार में बर्ड फ्लू, स्वाईन फिवर आदि के तरह की Zoonotic Disease जब भी पैर फैलाती है तो विभाग में इसकी जाँच की सुविधा उपलब्ध नहीं रहने के कारण विभागीय पदाधिकारी को सभी संबंधित पशु – पक्षियों के नमूनों की जाँच हेतु RDDL, कोलकाता / NIHSAD, भोपाल नमूना लेकर जाना पड़ता है। बहुत तरह का टीका भी जैसे Swine Fever आदि के लिए इन्हीं दो संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है। वर्त्तमान में Sero-Surveillance एवं Out Break Control का कार्य Institute of Animal Health and Production, Patna कर रहा है, जहाँ संसाधन उपलब्ध हो जाने पर इसे RDDL / NIHSAD के तर्ज पर विकसित किया जा सकता है।

अतः माननीय मंत्री महोदय से करवद्ध प्रार्थना है कि बिहार (पटना) में भी इस तरह का एक प्रयोगशाला की स्थापना करवाने की कृपा प्रदान करना चाहेंगे, जिससे बिहार के पशुपालकों को समुचित एवं सुलभ सुविधा मिल सके तथा पशु चिकित्सक भी आसानी एवं जल्द से जल्द पशुपालकों को सेवा प्रदान कर सके।

विश्वासभाजन

BMukta

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव